an>

Title: Need to give compensation to farmers whose land have been acquired for construction of Gokul barrage in Mathura.

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा) : अध्यक्ष महोदया, मैं धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मेरा विषय गोकुल बैराज के बारे में है। यह ऋषि प्रधान और कृषि प्रधान देश है, लेकिन किसानों के साथ हमेशा से अत्याचार होता आ रहा है। उनकी बहुत सी समस्याओं के साथ एक और समस्या मथुरा के गोकुल बैराज सी है। 16 साल पहले सरकार ने किसानों से जमीन ली थी और कहा था कि उन्हें कम्पैंसेशन मिलेगा। लेकिन 16 साल में पर्याप्त मुआवजा न मिलने के कारण किसान लोग बहुत परेशान हैं और वे लोग पिछले एक महीने से मथुरा में आंदोलन कर रहे हैं, मैं भी आंदोलन में गई थी, वे बहुत ही परेशान हैं। मैं केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से प्रार्थना करती हूं कि उनके ऊपर कृपा की दृष्टि दें और उन्हें जो मुआवजा मिलनी चाहिए, वह उनको मिले।